फर्जी ट्रैवल एजेंसी चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

नई दिल्ली। शाहदरा जिला साइबर पुलिस ने 28 फरवरी को फर्जी वेबसाइट बनाकर ट्रैवल एजेंसी चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनके पास से आठ मोबाइल, 11 सिम कार्ड और लैपटॉप बरामद हुआ। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी के अनुसार, एक शिकायतकर्ता ने बताया था कि कुछ दिन पहले उन्होंने एक वेबसाइट पर विजिट किया था। वहां से मोबाइल नंबर लेकर अंकित शर्मा नामक शख्स को कॉल किया। इसके बाद उसने टूर की योजना बनाई और टिकट समेत तमाम व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के नाम पर करीब 47 हजार ठग लिए। पुलिस ने केस दर्जकर जांच शुरू की। 28 फरवरी को छापा मारकर एक आरोपी लक्ष्य कुमार सोम को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने दूसरे आरोपी निरंजन, निरंजन ने तीसरे आरोपी प्रिंस का नाम बताया। इसके बाद गिरोह के सरगना मोहित त्यागी और अमित कुमार उर्फ मैक्स को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के रहने वाले हैं।

राजधानी में फिलहाल सुबह-शाम ठंड बनी रहेगी

नई दिल्ली। पहाड़ी इलाकों से आने वाली हवा के चलते राजधानी में फिलहाल सुबह-शाम की ठंड बनी रहेगी। सप्ताहभर दिल्ली का अधिकतम तापमान 30 डिग्री से नीचे ही रहने की संभावना है। इस बीच, रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम रहा। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में शनिवार को हल्की से मध्यम बारिश हुई थी। इसके चलते हवा में नमी मौजूद है। जबकि, अगले तीन-चार दिनों के दौरान हवा की गति मुख्य तौर पर उत्तरी पश्चिमी रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते उच्च हिमालयी क्षेत्रों में अच्छी बर्फबारी हुई है। दिल्ली की ओर आने वाली हवा इन बर्फीले इलाकों की ठंडक भी अपने साथ ला रही है। इसके चलते अभी बहुत तेजी से गर्मी बढ़ने के आसार नहीं है।

बादलों की आवाजाही रहेगी : दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में रविवार दिन का अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 17.7 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता का स्तर 100 से 48 फीसदी तक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार को अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। अगले तीन दिनों के बीच हल्के बादलों की आवाजाही रह सकती है। इसके बाद आसमान साफ रहेगा और दिन भर धूप निकली रहेगी।

सौ से नीचे पहुंचा वायु गुणवत्ता सूचकांक : पिछले दिन हुई बारिश और तेज हवाओं के चलते प्रदूषण के स्तर में खासा सुधार हुआ है। सुबह के समय दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 100 के अंक से नीचे यानी संतोषजनक श्रेणी में भी पहुंच गया। हालांकि, बाद में हवा की रफ्तार थमी तो औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 126 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो दिनों के दौरान भी हवा की गुणवत्ता इसी के आसपास रहने की संभावना है।

आंगनवाड़ी कर्मियों को पुलिस ने हिरासत में लिया

नई दिल्ली। आंगनवाड़ी कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, 25 हजार का वेतन देने सहित अन्य मांगों को लेकर रविवार को जंतर-मंतर पर पहुंचीं आंगनवाड़ी कर्मियों को पुलिस ने हिरासत में लिया। दिल्ली स्टेट आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर्स यूनियन सहित कई दूसरे संगठनों की ओर से प्रदर्शन का आह्वान किया गया था। इसमें हिस्सा लेने के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों से आंगनवाड़ी महिलाएं पहुंची थीं। छात्र और सामाजिक कार्यकर्ता भी इनको समर्थन देने आए थे। मगर, पुलिस द्वारा प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गई थी। इस कारण प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर बस में बिठाकर थाने ले जाया गया। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर प्रदर्शनकारी महिलाओं ने विरोध दर्ज कराया। पुलिस पर बल प्रयोग करने का आरोप भी लगाया।

आईपी यूनिवर्सिटी का 16 वाँ दीक्षांत समारोह 5 मार्च को

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी का 16 वाँ दीक्षांत समारोह 5 मार्च को द्वारका कैम्पस में आयोजित किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति एवं दिल्ली के उप-राज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना करेंगे। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री बी वी आर सुब्रह्मण्यम इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे और दीक्षांत भाषण देंगे। दिल्ली की शिक्षा मंत्री श्रीमती आतिशी एवं दिल्ली के मुख्य सचिव श्री नरेश कुमार गेस्ट औफ औनर होंगे। दिल्ली के उच्च शिक्षा विभाग की सचिव श्रीमती एलिस वाज आर इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि होंगी। यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो. डा. महेश वर्मा इस अवसर पर यूनिवर्सिटी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन कुमार के अनुसार कुल 24, 708 छात्रों को इस अवसर पर डिग्री प्रदान की जाएगी। इनमें से 77 छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएँगे। इनमें से एक छात्र को यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलसचिव रहे स्व. श्री बी पी जोशी की स्मृति में दिया जाने वाला बीपी. जोशी स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। एक छात्र को सिदार्थ खिटोलिया अवार्ड भी दिया जाएगा। सिल्वर जुबिली पोस्टल स्टैम्प, फ़र्स्ट डे कवर, सिल्वर जुबिली बुक और स्मरणीय सिक्का भी इस अवसर पर जारी किया जाएगा।

अपहरणकर्ता के चुगंल से बच्चे को मुक्त कराया

नई दिल्ली, । कापसहेड़ा इलाके में अपनी पत्नी को वापस बुलाने के लिए एक शख्स द्वारा अपहरण किए गए 11 साल के बच्चे को 36 घंटे के अंदर पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है, जबकि आरोपित को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि आरोपित समीर उर्फ मुनेश को महाराष्ट्र के अहमदनगर में छापा मारकर पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपित मूलरूप से दिल्ली के खजूरी खास का रहने वाला है। एसएचओ नवीन कुमार की टीम सर्विलांस के जरिए लोकेशन को ट्रैक करती रही और उसके पीछे-पीछे पुलिस टीम लगी रही। इसका परिणाम हुआ की पुलिस 36 घंटे के भीतर बच्चे को दिल्ली से बरामद करने में कामयाब हो गई। डीसीपी के अनुसार 23 फरवरी को बच्चे के किडनैप किए जाने की शिकायत बच्चों की मां ने दी थी। उसने बताया कि उनका बेटा दुकान पर पानी लेकर पापा के लिए गया था, लेकिन वह वापस नहीं आया। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू की। बच्चों के पिता से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसी के दामाद समीर का कॉल आया है और कहा कि उसका साला उसके पास है। यदि उसकी पत्नी उसके साथ रहना शुरू नहीं करेगी, तो वह बच्चे की हत्या कर देगा। समीर की शादी कसर अली की बेटी से 4 साल पहले हुई थी। उसकी डेढ़ साल का एक बेटी भी है। आरोपित लगातार अलग-अलग लोकेशन से अलग-अलग नंबर से कॉल कर रहा था। पुलिस टीम टेक्निकल सर्विलांस से लगातार उसके पीछे लगी हुई थी। बच्चे को दिल्ली के आईएनए मार्केट के पास से 25 फरवरी को बरामद कर लिया गया था। जबकि उस समय से लगातार भाग रहा था, इसे महाराष्ट्र के अहमदनगर में छापा मारकर एक मार्च को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसे पुलिस दिल्ली वापस लेकर आ रही है।

आकाशीय बिजली गिरने से छत से गिरा मलबा, लोगों में मच गई चीख पुकार

नई दिल्ली। बरवाला गांव में शनिवार की देर रात करीब दो बजे एक घर की छत पर आकाशीय बिजली गिरने से छत क्षतिग्रस्त हो गई। नीचे कमरे में सो रहे दंपति के बेड के पास मलबा गिरा। तभी दंपति कमरे के एक कोने में चले गए। कुछ ही सेकेंड बाद फिर से काफी मलबा बेड के ऊपर गिरा। समय रहते दंपति ने खुद को सुरक्षित कर लिया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। बिजली गिरने की काफी तेज आवाज होने से पड़ोसी भी डर गए। पीड़ित पवन ने बताया कि वे गहरी नींद में सो रहे थे। तभी रात करीब दो बजे काफी तेज आवाज सुनाई दी। बेड से उठते ही छत से मलबा नीचे गिरने लगा। तभी मैं और मेरी पत्नी तुरंत बेड से कमरे के एक कोने में आ गए। जैसे ही बेड से उतरा, काफी मलबा बेड के ऊपर आ गिरा। देखते ही देखते कमरे में गेट से लेकर बेड तक काफी मलबा फैल गया। पवन ने बताया कि मलबा जमा होने की वजह से वे गेट भी नहीं खोल पा रहे थे। किसी तरह मलबा को हटाकर गेट खोल, फिर बाहर आए। पास वाले कमरे में परिवार के अन्य सदस्य सो रहे थे। वे भी तेज आवाज सुनकर कमरे से बाहर आ गए थे। सभी कमरे से हमें निकालने की कोशिश करने लगे। गनीमत रहा कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

पांच लाख से अधिक वोटों से जीतेंगे मनोज तिवारी : भूषण त्यागी

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर पूर्वी जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता भूषण त्यागी ने भाजपा हाईकमान द्वारा एक बार फिर से संसद मनोज तिवारी को उत्तर पूर्वी दिल्ली से प्रत्याशी बनाने पर पार्टी नेत्रत्व का आभार व्यक्त किया है। भूषण त्यागी ने कहा मनोज तिवारी एक कुशल नेता है कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हैं पार्टी ने उन्हें फिर से प्रत्याशी बना सही फैसला लिया है। भूषण त्यागी कहते हैं पार्टी ने दिल्ली के इकलौते सांसद को रिपीट किया है जिसे साबित होता है पार्टी को उनकी कार्यशैली पसंद है। भूषण त्यागी ने कहा विपक्ष अभी यह तय ही नहीं कर पा रहा उनके सामने किसे प्रत्याशी बनाया जाए। भूषण त्यागी कहते हैं मनोज त्यागी इस बार अपनी जीत का रिकार्ड बनाएंगे और वे पांच लाख के मार्जिन से चुनाव जीतेगें। भूषण त्यागी आज टीम के साथ मनोज तिवारी के निवास पर उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचे। उनके साथ इंद्र कमल मिश्रा, बिर्जेश कुमार धीरज, मिरदुल त्यागी, भीमसेन, संजय सिंह, ओमप्रकाश वर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। भूषण त्यागी कहते हैं देश में प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नाम का डंका बज रहा है जिसका लाभ मनोज तिवारी को मिलेगा। सांसद मनोज तिवारी ने मौजूद लोगो का आह्वान किया कि वह मोदीजी को योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए कमर कस लें। आज मोदी सरकार गरीब व अभावग्रस्त 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रही है साथ ही 55 करोड़ लोगों को 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध करा रही है आज उज्ज्वला योजनाओं के तहत करोड़ो महिलाओ को गैस सिलेंडर व चूल्हे उपलब्ध कराकर उनके जीवनस्तर मे सुधार ला रही है इसके अलावा वन्देभारत ट्रेन व एम्स जैसों अस्पतालों का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है।

पूर्व केन्द्रीय डॉ. हर्षवर्धन ने किया राजनीति से संन्यास का ऐलान

-ईएनटी क्लीनिक उनकी वापसी का रहा है इंतजार : हर्षवर्धन

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। हाल ही में भाजपा की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची में चांदनी चौक से उनके स्थान पर प्रवीण खंडेलवाल को टिकट दिया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी की वापसी की शुभकामनाओं के साथ उन्होंने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि उन्हें उनके साथ काम करने का अवसर मिला। साथ ही उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं, प्रशंसकों और आम नागरिकों के साथ-साथ पार्टी के नेताओं को धन्यवाद दिया।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपने कैरियर का उल्लेख करते हुए उन्होंने अपनी जड़ों से दोबारा जुड़ने की बात कही। उन्होंने कहा, 'कृष्णा नगर में मेरा ईएनटी क्लीनिक भी मेरी वापसी का इंतजार कर रहा है।' उन्होंने कहा कि वे तंबाकू और मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ, जलवायु परिवर्तन और सरल व टिकाऊ जीवन शैली सिखाने के लिए काम करेंगे।

अपने तीस साल से अधिक के करियर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन तीस सालों में पांच विधानसभा और दो संसदीय चुनाव लड़े और अनुकरणीय अंतर से जीते और पार्टी संगठन तथा राज्य और केंद्र की सरकारों में कई प्रतिष्ठित पदों पर काम किया। उन्होंने कहा कि संघ के कहने पर वे राजनीति में आए थे। 'वे (संघ) मुझे केवल इसलिए मना सके क्योंकि मेरे लिए राजनीति का मतलब हमारे तीन मुख्य शत्रुओं- गरीबी, बीमारी और अज्ञानता से लड़ने का अवसर था।'

डॉ हर्षवर्धन ने कहा, 'दिल से एक स्वयंसेवक, मैं हमेशा पंक्ति में अंतिम व्यक्ति की सेवा करने के प्रयास के दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन का उत्साही प्रशंसक रहा हूं।' केन्द्र में मंत्री के तौर पर उन्हें

पहले पोलियो मुक्त भारत बनाने की दिशा में काम करने और बाद में खतरनाक कोविड-19 से जूझ रहे हमारे लाखों देशवासियों के स्वास्थ्य की देखभाल करने का दुर्लभ अवसर मिला।

नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में महिलाओं ने लिया भाजपा जितवाने का संकल्प

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी चांदनी चौक महिला मोर्चा के तत्वावधान में मटियामहल विधानसभा के अंतर्गत सुनारो वाली धर्मशाला, बाजार सीताराम, दिल्ली में जनसभा का आयोजन कर चाय पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष गीता सक्सेना के आह्वान पर आईटी सेल संयोजक श्रीमति पूजा शर्मा ने भारी संख्या में स्थानीय महिलाओं को भी साथ जोड़ कर पार्टी की नीति रीतियों से अवगत कराया। इस अवसर, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला सह प्रभारी श्रीमती लता गुप्ता, शशि बालाजी, नीलम बहन आदि ने अपने विचार रखे। जिलाध्यक्ष श्रीमती गीता सक्सेना ने कहा, कि देश के महानायक श्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के नारे को हम सभी को हकीकत में बदल कर मजबूत राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी है, उन्होंने कहा, नारी शक्ति वंदन बिल के माध्यम से जो शक्तियां हम सभी माता बहनों को प्राप्त हुई है, उनके विषय में हमें घर घर जाकर नारी के सम्मान क वर्णन करना है। जिलाध्यक्ष को पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया और चाय पर चर्चा कर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। अंत में सफल आयोजन के लिए जिलाध्यक्ष गीता सक्सेना ने आईटी सेल संयोजक पूजा शर्मा का आभार व्यक्त किया।

मधु विहार थाने में एसआई ने की आत्महत्या

नई दिल्ली, । पूर्वी दिल्ली के मधु विहार थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सब इंस्पेक्टर का शव मधु विहार थाना परिसर में स्थित फ्लैट से बरामद किया गया है। मृतक की पहचान गणेश के रूप में हुई है, जो हैदराबाद के निवासी थे और वह मधु विहार पुलिस स्टेशन में तैनात थे। वह 2019 बैच का सब इंस्पेक्टर थे और थाना परिसर में बने फ्लैट में रहते थे। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि शनिवार देर रात लगभग 2 बजे गणेश के परिजनों से सूचना मिली कि उनका फोन नहीं लग रहा है और उन्हें किसी अनहोनी का संदेह है। इसके तुरंत बाद स्थानीय पुलिस एसआई के फ्लैट पर पहुंची, जो अंदर से बंद था। पुलिसकर्मियों ने खिड़की से फ्लैट के अंदर झांक कर देखा, जहां एसआई गणेश मृत अवस्था में पड़ा था और उनकी गोद में सरकारी पिस्तौल पड़ा है। डीसीपी ने बताया की क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। साथ ही शव को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया। इसके अलावा घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई। डीसीपी का कहना है कि शुरुआती जांच से प्रतीत हो रहा है कि एसआई गणेश ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या की है। उनका कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है, परिजनों के दिल्ली आने का इंतजार है। फिलहाल आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो पाई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। वहीं, गणेश के इस कदम से मधु विहार थाना में तैनात पुलिसकर्मी हैरान है, उन्हें भी समझ में नहीं आ रहा कि आखिर गणेश ने सुसाइड क्यों किया।

विद्वान नहीं मनुष्य होना ही बड़ी बात : डा. विश्वनाथ त्रिपाठी

-आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी मेमोरियल ट्रस्ट की तीसरी वषर्गांठ पर गोष्ठी एवं काव्य पाठ आयोजित

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ विश्वनाथ त्रिपाठी ने कहा कि आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी कहते थे 30-40 किताबें पढकर तो कोई भी विद्वान हो जाएगा, पर विद्वान होने से क्या होता है। मनुष्य होना बड़ी बात। उन्होंने यह बात शनिवार को साहित्य अकादमी सभागार में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी मेमोरियल ट्रस्ट की तीसरी वषर्गांठ पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। संगोष्ठी का विषय 'आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी- साहित्य और भाषा के फक्कड़ साधक' था। गोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ ज्योतिष जोशी थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ

विश्वनाथ त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रभात शुंगलू एवं रत्नेश मिश्र ने आचार्य जी की कविताओं का पाठ भी किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता जर्नादन द्विवेदी, हास्य कवि सुरन्द्र शर्मा समेत ट्रस्ट की अध्यक्ष डा. अपर्णा द्विवेदी, महासचिव नुपूर द्विवेदी के अलावा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार आदि मौजूद थे। इस मौके पर श्री त्रिपाठी ने अपने गुरु आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के साथ के अपने अनुभवों का साझा करते हुए कहा कि आचार्य जी विद्वत्ता की बहुत इज्जत करते थे। वह पढते बहुत थे और कभी-कभी तो 16-16 घंटे तक पढाई करते थे। उन्होंने आचार्य जी की कालीदास के सौंदर्यशास्त्र पर चर्चा करते हुए कहा कि वह पहले से प्रतिष्ठित सौंदर्य को प्रतिष्ठित नहीं कर रहे थे बल्कि वह उसे पुर्नस्थापित करत रहे थे। आचार्य जी ने सिर्फ सौंदर्य को ही नहीं बल्कि दोनों पक्षों को लिखा है, इसलिए वह हजारी प्रसाद द्विवेदी है। डा. ज्योतिष जोशी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि आचार्य रामचंद्र शुक्ल और आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी हिन्दी साहित्य के दो अन्यतम शिखर हैं, जिनको स्पर्श किए बिना हमारा समस्त साहित्य ज्ञान अधूरा है। उन्होंने दोनों साहित्यकारों का स्मरण करते हुए कहा कि आचार्य शुक्ल जहां मर्यादा पुरुषोत्तम हैं तो वहीं आचार्य द्विवेदी लीला पुरुषोत्तम हैं। उन्होंने कहा कि आचार्य जी लिखते हैं कि जो इतिहास को स्वीकार न करे वह आधुनिक नहीं और जो चेतना को न माने वह इतिहास नहीं। इससे सबसे पहले ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ अपर्णा द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत पौधा दे कर किया, एवं मंच का संचालन भी किया। ट्रस्ट की महासचिव नूपुर द्विवेदी पांडे ने ट्रस्ट की साल भर की गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने ट्रस्ट की अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

बदरपुर में भीषण सड़क हादसा, तीन की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के बदरपुर इलाके में फ्लाईओवर पर शनिवार आधी रात को एक ट्रक और कार में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। कार में सवार सभी लोग फरीदाबाद में शादी कार्यक्रम में शामिल होकर दिल्ली लौट रहे थे। इसी दौरान बदरपुर फ्लाईओवर पर यह हादसा हुआ, कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई, जिसमें सात लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिनमें से तीन की मौत हो गई। वहीं, मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। जबकि घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। डीसीपी राजेश देव ने बताया है कि मृतकों की पहचान 21 वर्षीय राज 38 वर्षीय संजू 22 वर्षीय दिनेश के रूप में हुई है। सभी संजय कॉलोनी ओखला के रहने वाले थे। इस हादसे में चार अन्य लोग घायल हुए हैं। जिनकी पहचान 18 वर्षीय नीरज 28 वर्षीय अजीत 28 वर्षीय विशाल और 18 वर्षीय अंशुल के रूप में हुई है। घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी लोग कार में सवार थे जो शादी कार्यक्रम में शामिल होकर फरीदाबाद से अपने घर हरकेश नगर लौट रहे थे। इस दौरान कार चालक ने गाड़ी पर अपना नियंत्रण खो दिया और डिवाइडर से टकराकर फिर एक दूसरी दिशा से आती ट्रक से टकरा गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की हुई विशेष बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के ककरोला गांव में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज दिल्ली प्रदेश की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज दिल्ली प्रदेश के संयोजक डॉक्टर विपिन पिव्हाल ने की। इस मौके पर समाज से जुड़े कई मुद्दों पर जहां एक और चर्चा की गई, वही संगठन विस्तार पर जोर दिया गया और वाल्मीकि जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग भी उठाई गई। साथ ही कई लोगों ने ठेकेदारी प्रथा खत्म करो के नारे भी लगाए। डॉक्टर विपिन पिव्हाल ने कहा कि सभी को आदि धर्म का प्रचार करना है और हमें शिक्षा के महत्व को पहचाना है। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि हमे अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलानी है जिससे कि बच्चे पढ़ लिखकर समाज और देश का नाम रोशन करें। मैं संगठन की ओर से बैठक में आए हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद भी करता हूं और सभी से अपील करता हूं कि सभी भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज का विस्तार करने में अग्रणीय भूमिका निभाएं। इस मौके पर धर्म प्रचारक जगदीश जी महाराज, गुजरात

से चेतन सोलंकी, रमेश मकवाना, गिरी राज, दिनेश, सुरेंद्र सोलंकी, महेश मकवाना, सुधीर परमार, समाज सेवीका प्रमिला चौधरी, जयप्रकाश वाल्मीकि, यूथ विंग अध्यक्ष सुशील उज्जैनवाल सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

कालरा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट तकनीक से किया हृदय रोग के मरीज का सफल ऑपरेशन

नई दिल्ली (एजेंसी)। कीर्ति नगर स्थित प्रसिद्ध कालरा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में पिछले दिनों क्लासिफाइड एओर्टिक स्टेनोसिस गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को भर्ती कराया गया था। कालरा हॉस्पिटल में आधुनिक टेस्टिंग मशीनों पूरी तरह मरीज की जांच हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा निदेशक प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.आर एन कालरा के निर्देशन में अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने की। सबसे एक मत से तय किया की मरीज की ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) से मरीज का इलाज किया। सर्जरी के बाद कालरा हॉस्पिटल की यह उपलब्धि रही की उन्होंने इस गंभीर सर्जरी का सफल ऑपरेशन करने में वेस्ट दिल्ली में सफलता हासिल की। डॉ. आर.एन. कालरा ने बताया कि कालरा कालरा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में इस सर्जरी के लिए समस्त सुविधा उपलब्ध हैं। यहाँ अनुभवी डॉक्टरों की टीम के साथ सभी मेडिसिन 24 घंटे उपलब्ध है।

डॉ.आर.एन.कालरा ने क्लासिफाइड एओर्टिक स्टेनोसिस के बारे में बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में यह एक बेहद आम समस्या है लेकिन यह गंभीर बीमारियों में से एक है। एओर्टिक स्टेनोसिस में एओर्टिक यानी महाधमनी के वाल्व ठीक से खुल नहीं पाते हैं। इसके कारण हृदय पूरे शरीर में खून की आपूर्ति करने में असमर्थ हो जाता है। हालांकि कुछ लोगों को जन्म से ही हृदय की कोई समस्या होती है जिसके परिणामस्वरूप एओर्टिक स्टेनोसिस हो जाता है। यह समस्या उम्र बढ़ने के साथ विकसित होती है क्योंकि शरीर में कैल्शियम या स्कोरिंग बढ़ने के साथ वे वाल्व को नुकसान पहुंचाता है। इससे वाल्व से बहने वाले रक्त को शरीर तक पहुंचने से रोकता है। इससे हृदय की मांसपेशियां भी कमजोर हो सकती हैं। आपका उपचार एओर्टिक स्टेनोसिस की गंभीरता पर निर्भर करता है। वाल्व को ठीक करने या बदलने के लिए आपको सर्जरी की आवश्यकता हो सकती है। अगर इसका सही समय पर इलाज नहीं किया गया तो यह हृदय की गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकता है।

डॉ.कालरा ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि हार्ट वाल्व खराब होने के कई कारण हो सकते हैं। जब दिल में मौजूद 4 में से एक या एक से ज्यादा वॉल्व काम नहीं करते हैं तो हार्ट वॉल्व बदलना पड़ता है। पिछले कुछ सालों से लगभग सभी रोगियों में ओपन हार्ट सर्जरी के वैकल्पिक उपचार के तौर पर (टीएवीआर) का तेजी से उपयोग किया जा रहा है। दरअसल यह ओपन हार्ट सर्जरी में उपयोग किए जाने वाले वाल्वों की तुलना में टीएवीआर प्रक्रिया में उपयोग किए जाने वाले वाल्वों के कम जोखिम और बढ़े हुए स्थायित्व के कारण है। टीएवीआर उन रोगियों के लिए एक उपयुक्त और अच्छा विकल्प है, जिनकी ओपन-हार्ट सर्जरी से जुड़ी कुछ जटिलताओं और जोखिमों

के कारण ओपन-हार्ट सर्जरी नहीं हो सकती है। डॉ. कालरा ने बताया कि ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) यह मिनिमल इनवेसिव प्रक्रिया है और इस सर्जरी में पुराने (खराब), क्षतिग्रस्त वाल्व को हटाए बिना एक नया वाल्व डाला जाता है। नया वाल्व रोग ग्रस्त वाल्व के अंदर रखा गया है। टीएवीआर उन रोगियों के लिए फायदेमंद और प्रभावी विकल्प हो सकता है जिनके पास अपने महाधमनी वाल्व को ठीक करने के लिए सीमित विकल्प हैं।